हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 18 अप्रैल 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 चैत्रीय नवरात्र की नवमी पर शक्ति की आराधना...



09 मरीह माता मंदिर में कन्याओं को भोजन...



### लंबी-लंबी कतारें लगी, कई भक्तों ने हवन अनुष्ठान किया, परिवार की खुशहाली की कामना

# चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन बगलामुखी माता मंदिर पर भक्तों ने दर्शन कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन बुधवार को बड़ी संख्या में माता भक्त पहुंचे, जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा परिवार के मंगल के लिए कामना की गई। पर्व के अंतिम दिन मां को पीले रंग की चुनर से श्रृंगारीत किया गया। चैत्रीय नवरात्रि के अंतिम दिन बुधवार को मां बगलामुखी मंदिर पर प्रातः कालीन आरती से ही भक्तों की भीड़ मां के दर्शन के लिए लग गई थी। देश सहित प्रदेश के कई स्थानों से माता भक्त मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मां के अलौकिक श्रृंगार के दर्शन कर परिवार की खुशहाली व मंगल की कामना मां से की। कई भक्तों द्वारा परिवार की खुशहाली तथा अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए यज्ञशाला में बैठकर हवन अनुष्ठान भी किया। महानवमी के साथ ही रामनवमी पर्व होने से प्रातः से ही भक्तों का मेला मंदिर क्षेत्र में लगा हुआ था जो देर शाम तक जारी था।







## भंडारा परिसर में ग्यारह सौ कन्याओं के पैर पूजकर कराया कन्या भोज







**नलखेड़ा।** चैत्रीय नवरात्रि के अंतिम दिन मां बगलामुखी मंदिर के समीप पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में समिति द्वारा ग्यारह सौ कन्याओं के पैर पूजकर कन्या भोज करवाया गया। बुधवार को प्रातः 10 बजे से भंडारा परिसर में पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा कन्या पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। समिति सदस्यों व अन्य माता भक्तों द्वारा ग्यारह सौ से अधिक कन्याओं के पैरों का पूजन किया गया। कन्या पूजन के बाद भंडारा परिसर में कन्या भोज का आयोजन हुआ। कन्या भोज के उपरांत सभी कन्याओं को उपहार भेंट किए गए। मां बगलामुखी मंदिर के पुजारी गोपालदास पंडा द्वारा सभी कन्याओं को माता रानी की चूनर ओढ़ाई गई। इस दौरान समिति सदस्यों के साथ ही मंदिर की व्यवस्थाओं में लगे प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारियों, सेवादारों,विभिन्न स्थानों से आए भक्तों एवं स्थानीय भक्तों द्वारा कन्या पूजन का लाभ प्राप्त किया गया। कन्या पूजन व कन्या भोज के बाद बाहर से आए भक्तों के लिए भोजन प्रसादी प्रारंभ हुई जोकि देर रात्रि तक जारी रही। भंडारा परिसर में नवरात्रि के प्रथम दिवस जलाए गए अखंड दीपक का विसर्जन देर शाम मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से किया गया। पीतांबरा सेवा समिति के भंडारे के अलावा माता मंदिर पर भी बाहर से आए भक्तों द्वारा मंदिर धर्मशाला में कन्या पूजन कर कन्या भोज करवाया गया साथ ही उनके द्वारा कन्याओं को उपहार भी भेंट किए गए।



## 'सशक्त व मजबूत लोकतंत्र के लिए हर एक मतदाता का वोट जरूरी है'

**जिलेभर में स्वीप गतिविधियां चलाकर मतदान के लिए किया जा रहा जागरूक**

**नलखेड़ा।** सशक्त एवं मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए हर एक मतदाता का वोट जरूरी होता है। इसी उद्धेश्य से आगर-मालवा जिले में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन में स्वीप गतिविधियां चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि कोई भी मतदाता वोट डालने से वंचित नहीं रहे। मंगलवार को जिले के ग्राम लोलकी, खेलागांव, पचलाना, धानियाखेड़ी तनोड़यि, नरवल, ढ़ोढखेड़ी, काशीबर्डिया, चांदनगांव आदि गांवों मे रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता एवं अन्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बीएलओ द्वारा मतदाताओं को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होकर लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान करने की शपथ दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र सुसनेर संसदीय क्षेत्र राजगढ़ में तीसरे चरण में 7 मई को एवं विधानसभा क्षेत्र आगर संसदीय क्षेत्र देवास में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा।



## जाना था नानाखेड़ा पहुंच गई नलखेड़ा माता की भक्ति में रमी ट्रेनी पायलट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कोलकत्ता की एक महिला ट्रेनी पायलट को बाबा महाकाल के दर्शन के बाद अपने होटल नानाखेड़ा जाना था लेकिन मुंह से नलखेड़ा निकल गया। जहां स्थित मां बगलामुखी के चमत्कार के किस्से सुनकर नलखेड़ा पहुंच गई। जहां नवरात्रि के पूरे 9 दिन माता की भक्ति में रम गईं। शक्तिपीठ मां बगलामुखी मंदिर भक्तों की आस्था का बड़ा केंद्र है। भक्तों का मानना है कि सभी मनोकामनाओ की पूर्ति यहां होती है, दुखों का निवारण यहां होता है। मां सभी को बुलाती, भक्ति के आगे सीमाए छोटी पड़ जाती है। पांडवकालीन इस मन्दिर से जुड़ा आस्था का ऐसा ही एक किस्सा चैत्र नवरात्रि में सामने आया है।

सम्पूर्ण नवरात्रि के दौरान तांत्रिक स्थली मां बगलामुखी मंदिर पर साधना करने वाली कोलकता निवासी एक ट्रेनी पायलेट कोमल ने बताया कि वह बीते दिनों अपनी मां के साथ उज्जैन के प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए आई थी, और दर्शन के बाद वापस उज्जैन के नानाखेड़ा में स्थित अपने होटल में लौटने के लिए टैक्सी में बैठी। टैक्सी वाले से अचानक गलती से नानाखेड़ा जाने का बोलने की बजाय मुंह से नलखेड़ा निकल गया। नलखेड़ा सुनकर टेक्सी वाले ने बताया कि वह तो 100 किमी दूर है और वहां प्रसिद्ध मां बगलामुखी माता का मन्दिर स्थित है।

कोमल के अनुसार वह बचपन से धार्मिक प्रवत्ति की रही है, चूंकि 2 दिन बाद नवरात्री शुरू होने वाली थी तो फिर सोचा कि जब मुंह से अचानक नलखेड़ा निकल गया है तो एक बार प्रसिद्ध माता के दर्शन कर लेना चाहिए। उसके बाद कोमल सीधे नलखेड़ा पहुंच गई और मां के दर्शन के बाद मां की भक्ति में ऐसी रमी की नवरात्र के नौ दिनों के लिए यही रुक गई। नवरात्र के बीते 9 दिनों से कोमल मन्दिर परिसर में भक्ति और सेवा करती हुई दिखाई दे रही है। वह अखंड ज्योत जलाकर घंटों माता का ध्यान और पूजन कर रही है तो वहीं बाकी समय मन्दिर परिसर में चल रहे भंडारे में भोजन परोसने में अपनी सेवाएं दे रही हैं। पहली बार नलखेड़ा पहुंची कोमल के अनुसार मां के दर्शन के बाद उसे जो अलौकिक अनुभव हुआ उसे वह शब्दों में बता नहीं सकती। अब वह हमेशा समय मिलने पर मन्दिर में दर्शन के लिए आती रहेंगी।



## बच्चों ने रामनवमी पर निकाली श्रीराम की नयनाभिराम झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर नगर की जायसवाल कॉलोनी के बच्चों ने भगवान श्रीराम की झांकी निकाली। जायसवाल कॉलोनी के सार्थक, अजय, प्रिंस, सानिध्य, विजय, आरव, अथर्व, लक्ष्य, हर्ष, शुभ, दक्ष, वेदांश, हनु, वैदिक, लक्ष्यदीप, अभि, शिवांश एवं रुद्र ने श्रीराम की भव्य झांकी नगर में निकाली। झांकी की साज सजावट कर श्रीराम दरबार एवं रामलला की तस्वीर लगाई गई। झांकी में अयोध्या राम मंदिर की मॉडल कलाकृति भी रखी गई।

गौरतलब है कि बच्चों द्वारा प्रमुख त्योहारों पर भगवान की झांकी सजाकर नगर में निकाली जाती है। सर्वप्रथम बच्चों द्वारा श्रीराम जी की आरती की गई। झांकी नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुई वापस जायसवाल कॉलोनी पहुंची। बच्चों ने रास्ते मे पुष्प वर्षा की एवं ढोल पर जमकर थिरके। बच्चों ने ढोल, झांझ, मजीरे बजाकर जय जय श्री राम, सियावर रामचंद्र की जय के नारे लगाए। सारा वातावरण श्रीराम के नारों से गुंजायमान हो गया। बच्चों ने भक्तों को प्रसादी भी वितरित की।

### अग्रवाल महिला महासभा की प्रदेशाध्यक्ष पहुंचीं नलखेड़ा

**नलखेड़ा।** अग्रवाल महिला महासभा की प्रदेशाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल नलखेड़ा पहुंचीं, जहां समाज की महिलाओं ने उनका स्वागत किया। बुधवार को अग्रवाल महिला महासभा की प्रदेशाध्यक्ष के नलखेड़ा आगमन पर नलखेड़ा अग्रवाल महिला महासभा की सदस्यों द्वारा आगर जिला उपाध्यक्ष निशा अग्रवाल के निवास पर स्वागत किया गया। इस मौके पर समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

## रामनवमी पर प्रभातफेरी में निकली रामजी की झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा नगर में प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में प्रभातफेरी निकाली जा रही है। प्रभातफेरी में मंडल के सदस्य प्रत्येक त्यौहार पर उस त्यौहार की महत्ता के अनुसार झांकी अथवा कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी पर भगवान श्रीराम की झांकी निकाली गई। साथ ही भ्रमण मार्ग पर जमकर आतिशबाजी की गई। बुधवार को नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी पर प्रभातफेरी में भगवान श्रीराम के वेश में एक युवक शामिल था, साथ ही भक्त उनके साथ छत्र लेकर चल रहा था। प्रभातफेरी में शामिल भक्त माता के भजनों के साथ ही प्रभु श्रीराम के भजन गाते चल रहे थे। प्रतिदिन अनुसार प्रभातफेरी प्रातः 5.30 बजे चौक बाजार से प्रारंभ हुई। नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर पुनः चौक बाजार पहुंची। भ्रमण मार्ग पर भक्तों द्वारा जमकर आतिशबाजी की गई। चौक बाजार में श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रीराम स्तुति के साथ प्रभातफेरी का समापन हुआ।






## निकाय कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ


### संसदीय क्षेत्र में 7 मई को होना है मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सशक्त एवं मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए हर एक मतदाता का वोट जरूरी होता है। इसी उद्धेश्य से जिले में कलेक्टर के निर्देशन में स्वीप गतिविधियां चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि कोई भी मतदाता वोट डालने से वंचित नहीं रहे। बुधवार को नगर परिषद कार्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुकेश भंवर ने कर्मचारियों को मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होकर लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने की शपथ दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र सुसनेर संसदीय क्षेत्र राजगढ़ में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है।

### ढोल नगाड़ों से की महाआरती, नन्ही बालिकाओं ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं

## नगर में हर्षोल्लास से मनाया रामलला का जन्मोत्सव



**कानड़।** नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न मोहल्लों में स्थित राम मंदिरों में विशेष साज सज्जा की गई एवं भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। बजरंग मोहल्ला स्थित नगर का सबसे प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री बड़ा राम मंदिर में श्रद्धालुओं के मध्य पुजारी दिनेश बैरागी, अमन बैरागी, गौरव बैरागी के द्वारा भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं गई। वहीं नन्ही बालिकाओं द्वारा भी भजनों की प्रस्तुतियां भी दी गई। इससे पूर्व सुबह मंदिर में हवन किया गया। जहा श्रद्धालुओं ने आहुति देकर धर्म लाभ लिया। जैसे ही घड़ी में 12 बजे वैसे ही राम लला की महाआरती की गई तत्पश्चात पंचामृत एवं प्रसाद वितरित किया गया।

इसी तरह कनकेश्वर महादेव मंदिर, दर्जी मोहल्ला स्थित राम मंदिर, सदर बाजार स्थित राधा कृष्ण मंदिर, कन्या शाला स्थित राम मंदिर, जोशी जी का मंदिर, ब्राह्मण मोहल्ला स्थित नरसिंह मंदिर, रजवाड़ा स्थित राम मंदिर, मालवीय मोहल्ला स्थित राम मंदिर आदि मंदिरों में राम लला का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।

## प्रतिदिन नगर में निकल रही प्रभात फेरी रामनवमी पर प्रभात फेरी का किया स्वागत

**कानड़।** चैत्र नवरात्रि को रामनवमी का त्योहार नगर सहित अंचल में धूमधाम से मनाया गया। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से लेकर अभी तक नगर में प्रतिदिन रामभक्तों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही है। रामनवमी पर प्रभात फेरी का महिला मंडल की महिलाओं ने स्वागत किया। वहीं राम भजनों से पूरा कानड़ गुंजायमान रहा। महिला मंडल की विजय लक्ष्मी राजेश माली ने बताया कि मान्यताओं के अनुसार असुरों के राजा रावण का संघार करने के लिए भगवान विष्णु ने त्रेता युग में भगवान राम के रूप में सातवां अवतार लिया था चैत्र मास की नवमी को अयोध्या के राजा दशरथ की पहली पत्नी कौशल्या ने भगवान राम को जन्म दिया था मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म दिवस को रामनवमी के रूप में मनाने की परंपरा है। रामनवमी के अवसर पर कानड़ नगर में श्री राम के जय घोष के साथ भव्य प्रभात फेरी निकाली गई एवं प्रभात फेरी में कानड़ नगर के विभिन्न क्षेत्र से होते हुए शिव डेरा महादेव मंदिर पर पहुंची जहा आरती के साथ समापन हुआ।



खबर संक्षेप

## आबकारी विभाग ने बागली वृत्त में कार्रवाई कर 4 प्रकरण दर्ज किए



**देवास।** जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार एवं सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। आबकारी विभाग दल ने वृत्त बागली क्षेत्र में ग्राम अंबाझार, भमोरी, करनावाद आदि में गस्त कर होटल, ढाबों एवं संदिग्ध स्थानों पर सर्चिंग की। जिसमें 35 पाव देशी मदिरा प्लेन,30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 100 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। लाहन को मौके पर विधिवत नष्ट किया गया। कार्यवाही में 04 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए। जप्त सामग्री का बाजार मूल्य 18500 रूपए है ।

## अभा मारवाडी समाज की कार्यकारिणी का गठन



**देवास।** अखिल भारतीय मारवाडी महिला सम्मेलन शाखा देवास द्वारा नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया एवं पर्यावरण के अंतर्गत पक्षियों के दाना पानी के लिए मिट्टी के सकोरे का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रीय अंचल प्रमुख सुमन मूंदड़ा, सलाहकार समिति मनोरमा गोयल, लक्ष्मी डागा, निर्वतमान अध्यक्ष ऊमा परवाल, अध्यक्ष शकुंतला सोनी, सचिव विजयलक्ष्मी भूतडा, कोषाध्यक्ष सन्ध्या पेशकर व सभी समिती पदाधिकारी मौजूद रहे। पर्यावरण प्रकल्प प्रमुख डिम्पल ललित सोनी ने मिट्टी के सकोरे पक्षियों के दाना पानी के लिए वितरण किए।

## हृदय की जो व्यथा मिटा दे वही राम कथा हैः साध्वी सत्यप्रिया

**देवास।** कथा श्रवण करने से हमें यह ज्ञान प्राप्त होता है कि हमने जन्म क्यों लिया। 84 लाख योनी में भटकने के बाद मनुष्य जीवन मिलता है तो ईश्वर इस संसार में उसे कोई उद्देश्य देकर ही भेजता है। जन्म तो पशु पक्षी कीड़े मकोड़े भी लेते हैं वो भी मनुष्य की तरह खाना, पीना, सोना करके अपना जीवन व्यतीत करते हैं किंतु मनुष्य ही ऐसा है जिसे ईश्वर ने ज्ञान और विलक्षण बुद्धि दी है। श्रवण करने के लिए जो कान दिए है उसका मुख्य उद्देश्य है सत्य श्रवण कर सत्य धर्म के साथ चले और कथा का श्रवण कर अपने जीवन के साथ साथ मानव जाति का कल्याण करने का ध्येय बनाएं। प्रभु श्रीराम की कथा जिसने श्रवण की उसके हृदय की व्यथा मिट जाती है। यह आध्यात्मिक विचार श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस पर साध्वी सत्यप्रिया दीदी ने व्यक्त किए।

### रामनवमी और दुर्गानवमी पर भक्तिमय हुआ शहर, चहुऔर गूंजा जय श्रीराम

# चैत्रीय नवरात्र की नवमी पर शक्ति की आराधना के साथ हवन, पूजन, यज्ञ, कन्या भोज और भंडारे हुए आयोजित





रामजन्मोत्सव पर रामलला के पूजन, अर्चन, भंडारों के साथ हुए कई धार्मिक आयोजन। चैत्रीय नवरात्र के अंतिम दिन मां के मंदिरों में पूजन अर्चन हवन के साथ भंडारों का भी आयोजन किया गया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अयोध्या में रामलला की स्थापना के बाद प्रभु श्रीराम का यह प्रथम जन्मोत्सव शहर में अपार आस्था और धूमधाम से मनाया गया। शहर के प्राचीन राम मंदिरों में पूजन अर्चन के साथ रामलला की आरती बहुत ही भक्ति भाव से की गई। प्राचीन श्रीराम जवेरी मन्दिर में आरती के दौरान अपार जनसमूह उमड़ा। शहर के रामाश्रय परिसर में प्रभु श्री राम की भव्य आरती के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

रामनवमी और मां दुर्गा की नवमी पर अनेक धार्मिक संगठनों ने भंडारे आयोजित किए।साथ ही चैत्रीय नवरात्र के अंतिम दिन मां के मंदिरों में पूजन अर्चन हवन के साथ भंडारों का भी आयोजन किया गया। लोगों ने घरों में भी मां की पूजा अर्चना कर कन्या भोज आयोजित किया। रामनवमी और दुर्गा नवमी पर प्रभु श्री राम के मंदिर और मां दुर्गा के मंदिरों में भक्तों की अपार भीड़ देखी गई। नवरात्र के अंतिम दिन माता टेकरी पर मां चामुंडा और तुलजा भवानी की भव्य आरती के साथ ही कन्या भोज आयोजित हुआ। नवरात्रि के अंतिम दिन माता टेकरी पर भक्तों के अपार जनसमूह ने मां के दर्शन किए।

### श्री राम के जयकारों के साथ मना जवेरी राम मंदिर में भगवान का जन्मोत्सव

शहर के प्रसिद्ध रियासतकालीन जवेरी श्री राम मंदिर में भी भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने पहुंचे। सुबह भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया। प्रातः करीब 11 बजे भगवान का अभिषेक कर पूजन पंडित मयूर व्यास ने किया। दोपहर 12 बजे भगवान की आरती की गई। आरती के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### 124 वर्ष पुरानी है प्राचीन प्रतिमा

भगवान श्री राम मंदिर के ट्रस्टी भरत कुमार जवेरी ने बताया कि भगवान की प्राचीन प्रतिमा मंदिर के पीछे की और खुदाई के दौरान 1850 ई सन में उनके पूर्वजों को मिली थी। 50 वर्ष तक भगवान की पूजा हुई उसके 50 वर्ष के बाद हमारे पूर्वजो ने इस मंदिर का निर्माण किया और भगवान की प्रतिमा यहां विराजित की गई। उसके बाद से लगातार भगवान की पूजा अर्चना की जाती है। भगवान की प्राचीन प्रतिमा को 124 वर्ष हो चुके हैं।

### गायत्री शक्तिपीठ पर हुई पूर्णाहूति

गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजयनगर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 09 से 17 अप्रैल तक चौत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर सामूहिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि 17 अप्रैल रामनवमी को प्रातरू 09 बजे से श्रीवेदमाता गायत्री, परम पूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी, वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा एवं देवआव्हान व देवपूजन कर पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत हुई जिसमें दीक्षा , यज्ञोपवित सहित विभिन्न संस्कार हुए । प्रातः 11.30 बजे अनुष्ठान व गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई पश्चात भगवान श्रीरामजी का जन्मोत्सव मनाकर महाप्रसाद का वितरण किया गया। महायज्ञ का संचालन गायत्री शक्तिपीठ की देवकन्याओं ने किया एवं संस्कारों का संचालन रामनिवास कुशवाह ने किया तथा अन्त में आभार गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी महेश पंड्या ने माना । इसी प्रकार गायत्री प्रज्ञापीठ विजयनगर का 17 वाँ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं सामूहिक अनुष्ठानों की पूर्णाहूति संरक्षिका दुर्गा दीदी के सानिध्य में 17 अप्रैल रामनवमी को प्रातः 8.30 बजे से पंचकुंडीय महायज्ञ के साथ दीक्षा, पुंसवन सहित विभिन्न संस्कार हुए । महायज्ञ पूर्णाहूति के पश्चात श्रीरामचंद्रजी का जन्मोत्सव मनाया गया पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया।

### श्री रामनवमी पर मां चामुंडा सेवा समिति ने दो क्विंटल महाप्रसादी भक्तों को वितरित की


मां चामुंडा सेवा समिति के संयोजक रामेश्वर जलोदिया ने बताया कि नौ दिवसीय कन्या भोज, यज्ञ हवन एवं फरियाली छाछ वितरण के साथ ही पूर्णाहुति के बाद श्री रामनवमी पर टेकरी पर मां के दर्शनार्थ आए हजारों श्रद्धालुओं को उदासीन अखाड़ा सीढ़ी मार्ग पर समिति के सेवा पंडाल से फल, फ्रूट, फरियाली हलवा, चिरौंजी सहित 5 क्विंटल महाप्रससदी वितरित की गई। इस पुण्यमय कार्य में समाजसेवी नरेंद्र मिश्रा, राजेश गोस्वामी, रामेश्वर जलोदिया, उम्मेदसिंह राठौड़ नारायण व्यास दिनेश सांवलिया इंदरसिंह गोड, मुरलीधर पांचाल, रमेश पटेल, ओमप्रकाश पटेल, अरस्तुल मधुर, बीडी रावल, कमल चावला, शशिकांत गुप्ता, एहतेशाम उल हक, सुशील शिंदे, शिवनारायण पाठक, कमल चौहान, मात्र शक्तियों प्रेमलता चौहान, दुर्गा व्यास, कला तंवर, मंजू जलोदिया संगीता जोशी, सुधा सोलंकी कला अग्रवाल, सविता जाधव सहित समिति पदाधिकारीयों, समाजसेवियों का अनुकरणीय सहयोग रहा।






### पूर्णाहुति और प्राण-प्रतिष्ठा के साथ हुआ सात दिवसीय धार्मिक आयोजन का समापन

# जीवन साकार बनाना है, तो राम जैसे बनकर जीवन जीना सीखोः पं. शर्मा





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

जब स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का परीक्षा का रिजल्ट घोषित होता है, तो उनकी पुरे वर्ष कि पढ़ाई का पता चलता है,उसी तरह मरण के दौरान व्यक्ति के कर्मो का पता चलता है,इसलिए मरण सुधारना है,तो जीवन सुधारना पढ़ेगा। जीवन कि गाड़ी प्रभु के भरोसे छोड़ दो। भक्ति में डूब जाओ प्रभु सही मार्ग पर ही चलाएगा। जिसने प्रभु पर भरोसा कर प्रभु भक्ति कि है,उसे प्रभु भव से पार अवश्य ही लगाते हैं।

जीवन मे संगति का बहुत प्रभाव होता है, इसलिए सोच समझ कर संगति करना चाहिए। उक्त बातें चापड़ा में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा के समापन अवसर पर कथा वाचक पंडित अनिल शर्मा ने कही। पंडित शर्मा ने कैकयी और केवट प्रसंग सुनाते हुए कई महत्वपूर्ण बातें श्रोताओ को बताई। कहा कि, जब तक हम राम जी को चाहेंगे,तब तक हम राम के साथ रहेंगे,हमेशा राम को चाहना चाहिए जिससे उन कि कृपा हम पर बनी रहे। यदि अपने जीवन को साकार बनाना है तो प्रभु राम जैसे बन कर जीना सिखलो।

चापडा में सभी नगरवासियों के सहयोग से लगभग 1 करोड़ से अधिक की लागत से श्री राम मंदिर का निर्माण कार्य किया गया, जिसमें रामनवमी के दिन श्री राम दरबार एवं श्री राधा कृष्ण मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस उपलक्ष में 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक साथ दिवसीय पंचकुण्डात्मक श्री राम महायज्ञ के साथ श्रीराम दरबार, श्री राधा कृष्ण मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और श्री राम कथा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान बोली का लाभ लेने वाले सभी लाभार्थियों कि उपस्थित में मुर्ति एवं शिखर,क्लश ध्वज कि प्राण प्रतिष्ठा कि गई। बुधवार को पूर्णाहुति एवं प्राण प्रतिष्ठा भव्य भंडारे के साथ कर सात दिवसीय आयोजन का समापन किया गया। श्री राम दरबार स्व. कल्याण सिंह सेंधव सेक्रेटरी व बलवान सिंह सेंधव कि ओर से भेंट किया गया। नगर कि महिलाओं व्दारा श्री राधा कृष्ण मूर्ति भेंट की गई और फूलसिंह सेंधव,बलवान सिंह सेंधव, इंद्रसिंह सेंधव, धर्मेंद्र सिंह सेंधव परिवार कि ओर से भंडारे का आयोजन कराया गया। सभी दानदाताओं एवं सहयोग करने वालो का भी आयोजन समिति कि ओर से स्वागत किया गया। समापन अवसर पर आयोजन समिति द्वारा कथावाचक अनिल शर्मा का शाल श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया। साथ ही यज्ञाचार्य ऋषिराज शर्मा, अरूण शर्मा,दीपक शर्मा, बृजेश शर्मा सहित सभी पंडितों का भी समिति व्दारा अभिनंदन किया गया। सात दिवसीय महायज्ञ में 25 जोड़ो ने लगभग 1 लाख 50 हजार से अधिक आहुतियां दी।

### राम मंदिर में यह लगी बोली

23,000 हजार प्रथम घण्टी बजाने की डा रवि वर्मा एनर्जी हॉस्पिटल इन्दौर, 21,000 राम जी छोटा कलश,राम जी परिवार चापडा,11,0001- मुख्य कलश पर ध्वजारोहण (राम मंदिर) जग्गनाथ भुत,श्री कृष्ण मंदिर,मुख्य कलश 1 लाख रुपए शंकरलाल जादम, राधा कृष्ण प्रथम दर्शन 25000 हजार रामनारायण यादव, 51 हजार राधा कृष्ण प्रथम भारती, संतोष कुमार जैन, 15000 हजार प्रथम घण्टी बजाने की पाण्डव ग्रुप इन्दौर रोड चापडा, 25025 रूपये शिखर धर्म ध्वजारोहण राधेश्याम पाटीदार छतरपुरा वाले ने लाभ लिया। अंतिम दिवस की आरती सागर यादव की ओर से की गई। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

# शिक्षाशास्त्र में प्रौद्योगिकी को अपनाने हेतु सेन थॉम एकेडमी सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड, देवास को शेरेटन ग्रैंड पैलेस, इंदौर में आयोजित'प्रतिष्ठित भारत के-12 शिखर सम्मेलन पुरस्कार 2024' में 'शिक्षाशास्त्र में प्रौद्योगिकी को अपनाने' के लिए सम्मानित किया गया है।'इंडिया के-12 समिट अवाड्र्स' शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार को मान्यता देते हैं, विशेष रूप से भारत में किंडरगार्टन से 12वीं कक्षा तक की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हैं।'स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के राष्ट्रीय पुरस्कार' प्राप्तकर्ता, इस स्कूल को पिछले सत्र में भी अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए थे, जिसमें एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा'शहर का सर्वश्रेष्ठ सह-शिक्षा स्कूल' और मीमाम्सा स्कूल द्वारा देवास का 'सबसे पर्यावरण-अनुकूल स्कूल' शामिल थे।इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने पर प्रबंधन ने संस्थान के स्टाफ और सभी छात्रों को विनम्रतापूर्वक बधाई दी।

**खबर संक्षेप**

## गांव ने खोया एक और होनहार युवा



**जावर**। गांव में एक और हृदय विदारक घटना घटी। गांव के होनहार युवा पांडव परिवार के भीम सिंह मास्टर के ज्येष्ठ पुत्र व पप्पू डॉक्टर के बड़े भाई, गुड्डू भैया का सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। गुड्डू भैया वर्तमान में विदिशा में नवोदय केंद्रीय विद्यायल में पदस्थ थे। बीती रात अपने घर से विदिशा अपनी ड्यूटी के लिये रवाना होने के लिये अपने घर से निकले थे और अचानक सड़क दुर्घटना में काल के गाल में समा गए। भगत सिंह उर्फ गुड्डू भैया के रूप में गांव ने एक और होनहार नोजवान खो दिया। जिनके यूं चले जाने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई । विदित है कि मेहतवाड़ा गांव में पिछले कुछ समय से लगातार ऐसे नोजवानों को असमय खोता जा रहा है जिनकी चले जाने का आज तक भी भरोसा नही हो पा रहा है।

## नवमीं पर माता के मंदिर पर किया महायज्ञ

**सीहोर**। शहर के प्रसिद्ध सीवन नदी घाट के समीप स्थित श्री सिद्धिदात्री अंबे मां बिजासनी मंदिर पर चैत्र नवरात्रि का महापर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। नवमी पर प्रसादी का वितरण किया गया। समिति के उपाध्यक्ष सुरेश वशिष्ठ ने बताया कि देवी का स्थान काफी प्राचीन है। पहले यहां पर छोटी सी मढिय़ा में दोनों नवरात्रि पर मां की मिट्टी की मूर्ति बनाकर ब्रह्मलीन पुजारी रामेश्वर दयाल शर्मा मां की आरधना एवं सेवा पूजा-अर्चना करते थे, समय के अंतराल से देवालय जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच गया था। कांचीकाम कोटी महापीठम, पू. स्वामी शंकराचार्य महाराज शारदा द्वारीकापीठ बद्रीकाश्रम के आशीर्वाद एवं अनंत कृपा से पूजित है। समिति द्वारा देवालय पर दोनों नवरात्रि में श्री दुर्गा सप्तशती के 108 महापाठों का अनुष्ठान वर्षों से लगातार किया जाता आ रहा है।

### पुष्य नक्षत्र योग में आस्था और उत्साह के साथ मनाई महाष्टमी

# मरीह माता मंदिर में कन्याओं को भोजन कराकर किया शिक्षा सामग्री का वितरण

नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित चौसट योगनी मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित चौसट योगनी मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को महाष्टमी का पावन पर्व पुष्य नक्षत्र योग में धूमधाम से मनाया गया था। इस मौके पर करीब 101 कन्याओं को भोजन के साथ शिक्षा साम्रगी का वितरण किया गया। इस मौके पर मंदिर के प्रबंधक रोहित मेवाड़ा, श्रीराधे श्याम विहार कालोनी की ओर से जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, युवा समाजसेवी यश अग्रवाल, पंडित गणेश शर्मा, पंडित सुनील कुमार पाराशर, कृष्णा मेवाड़ा सहित अन्य मौजूद थे। अब बुधवार को सुबह आठ बजे से यहां पर जारी हवन का समापन किया जाएगा और आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। पंडित श्री शर्मा ने बताया कि मंगलवार को दुर्गा महाअष्टमी पर सुबह पुष्य नक्षत्र योग प्रारंभ हुई, जो अगले दिन नवमी पर बुधवार की सुबह 7 बज कर 54 तक रहेगा। पुष्य नक्षत्र को पोषण कर्ता माना जाता है। यह ऊर्जा शक्ति प्रदान करने वाला नक्षत्र होता है।

### हर रोज हो रहा भंडारे का आयोजन

शहर के प्रसिद्ध मरीह माता मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी चैत्र नवरात्रि का पर्व पूरी आस्था के साथ मनाया जा रहा है। यहां पर आने वाले आस्थावना श्रद्धालुओं और महिला मंडलों के द्वारा प्रतिदिन यहां पर आने वाले कन्याओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। मंगलवार को भी बड़ी संख्या में कन्याओं की पूजन-अर्चना करने के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया था। मंगलवार की सुबह से ही मंदिर परिसर में सुबह साढ़े सात बजे से करीब 31 हजार देवी मंत्रों के साथ आहुतियां दी गई और आरती की गई। वहीं बुधवार को भंडारे का आयोजन किया गया।

### आदि शक्ति महागौरी की पूजा की जाती

श्री दीक्षित ने बताया कि मां दुर्गा के आठवें स्वरूप आदि शक्ति महागौरी की पूजा की जाती है। आठवें दिन की पूजा देवी के मूल भाव को दर्शाता है। देवीभगवत् पुराण में बताया गया है कि देवी मां के 9 रूप और 10 महाविघाएं सभी आदिशक्ति के अंश और स्वरूप हैं लेकिन भगवान शिव के साथ उनके अर्धांगिनी के रूप में महागौरी सदैव विराजमान रहती हैं। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। महागौरी की पूजा मात्र से भक्तों के सभी पाप धुल जाते हैं और वह व्यक्ति अक्षय पुण्य का अधिकारी हो जाता है। देवीभागवत पुराण के अनुसार, देवी पार्वती अपनी तपस्या के दौरान केवल कंदमूल फल और पत्तों का आहार करती थीं। बाद में माता केवल वायु पीकर ही तप करना आरंभ कर दिया था। तपस्या से माता पार्वती को महान गौरव प्राप्त हुआ है और इससे उनका नाम महागौरी पड़ा। माता की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उनको गंगा में स्नान करने के लिए कहा। जिस समय माता पार्वती गंगा में स्नान करने गईं, तब देवी का एक स्वरूप श्याम वर्ण के साथ प्रकट हुईं, जो कौशिकी कहलाईं और एक स्वरूप उज्जवल चंद्र के समान प्रकट हुआ, जो महागौरी कहलाईं। मां गौरी अपने हर भक्त का कल्याण करती हैं और उनको सभी समस्याओं से मुक्ति दिलाती हैं। देवीभागवत पुराण के अनुसार, महागौरी का वर्ण रूप से गौर अर्थात सफेद हैं और इनके वस्त्र व आभूषण भी सफेद रंग के ही हैं। मां का वाहन वृषभ अर्थात बैल है, जो भगवान शिव का भी वाहन है। मां का दाहिना हाथ अभयमुद्रा में है और नीचे वाले हाथ में दुर्गा शक्ति का प्रतीक त्रिशुल है। महागौरी के ऊपर वाले हाथ में शिव का प्रतिक डमरू है। डमरू धारण करने के कारण मां को शिवा के नाम से भी जाना जाता है। मां का नीचे वाला हाथ अपने भक्तों को अभय देता हुआ वरमुद्रा में हैं और मां शांत मुद्रा में दृष्टिगत है। इस मौके पर मंदिर के प्रबंधक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, यश अग्रवाल, पंडित उमेश दुबे, पंडित गणेश शर्मा, अनिल राय, सुनिल चौकसे, सुभाष कुशवाहा, पंकज झंवर सुमित भानू उपाध्याय, रामू सोनी, चिन्दू, प्रवेश, राजेश कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा और सुनील सहित अन्य शामिल थे।



# परेशान किसान ने राजस्व मंत्री से लगाई गुहार

**राजस्व मंत्री ने नायब तहसीलदार को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



43 साल की उम्र में ही राकेश मेवाड़ा पिता हरिप्रसाद पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सिस्टम से वह इतना प्रताड़ति हो गया कि जवानी में ही बुढ़ापा नजर आने लगा। मामला राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा की विधानसभा के खामलिया गांव का है। वर्ष 1985 में राकेश के पिता हरिप्रसाद मेवाड़ा ने जमीन खरीदी थी। तब से आज तक उस पर खेती करते आ रहे हैं।

जमीन पर उनका मकान और घर भी बना हुआ है। अब हरिप्रसाद मेवाड़ा ने जमीन अपने बेटे राकेश मेवाड़ा के नाम पर कर दी है, लेकिन राजस्व विभाग के अफसर की मिलीभगत से अब वह जमीन सूती मीडिया ट्रस्ट के नाम पर बता रहे है। खामलिया निवासी राकेश मेवाड़ा का आरोप है कि वर्ष 2012 तक उनका परिवार अच्छे से खेती करता आ रहा था, लेकिन धीरे-धीरे सूती मीडिया जमीन खरीदते-खरीदते हमारे गांव तक आ गया और राजस्व अफसर की मिलीभगत से हमारी जिस जमीन 389/1 का कब्जा हमारे पास है उसका बंटान परिवर्तन कर 389/4 कर दिया है। अब सूती मीडिया उस जमीन पर कब्जा करना चाह रहा है हमें बार-बार नोटिस मिल रहे हैं।

हम उस जमीन पर करीब 35 साल से खेती करते आ रहे है। राकेश मेवाड़ा ने अब सिस्टम से हारकर राजस्व मंत्री करण वर्मा से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ति ने सोमवार को राजस्व मंत्री से मिलकर उनको अपना दुखड़ा सुनाया जिस पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने तत्काल नायब तहसीलदार भरत नायक को फोन कर कहा कि मामले का जल्द निराकरण करें अन्यथा गड़बड़ी करने वालों पर सख्त करवाई होगी।

## खेल मैदान पर मेला लगाने की अनुमति निरस्त करने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के पुराने बस स्टैंड के समीप स्थित उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान पर मेला लगाने की अनुमति देने का खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों ने विरोध करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों की अनुपस्थिति के चलते कानूनगो प्रदीप जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया की युवाओं को खेलकूद हेतु नगर में मात्र दो खेल मैदान है। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व सुभाष ग्राउंड है। जिस पर खेल प्रतिभाएं अपना अभ्यास करती है। नपा द्वारा उक्त सुभाष ग्राउंड पर मेले की अनुमति दी गई है। ऐसे में खिलाड़ी फुटबाल, क्रिकेट के खेल से वंचित रहेंगे। उक्त मैदान उत्कृष्ट विद्यालय का है, नपा द्वारा अनुमति देना किस बात का सूचक है। खिलाड़ियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उक्त अनुमति को निरस्त कराएं। इस संबंध में जब उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद सितवत खान से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि इस संबंध में हमें कोई जानकारी नहीं है और न ही हमारे से अनुमति मांगी है।

# प्रतिमाओं के नगर भ्रमण के बाद की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा











आष्टा क्षेत्र काछीपुरा स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में मनाए जा रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना महोत्सव के तहत मंगलवार को भगवान श्रीराधा कृष्ण, श्रीराम, श्री लवकुश, जय महाकाल के जयकारों की बीच-प्राण प्रतिष्ठा की गई। सात दिवसीय महोत्सव के तहत प्रतिमाओं को बैण्ड बाजे के साथ सोमवार को नगर भ्रमण करवाया गया। प्रतिष्ठा के सभी संस्कार पूर्ण होने के बाद मंगलवार को सुबह से आयोजन हुए। नगरपुरोहित पंडित मयूर पाठक,पंडित मनीष पाठक पंडित डा दीपेश पाठक पंडित लखन लाल शर्मा,के सान्निध्य में पंचकुंडीय हवन किया गया। श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर सुख समृद्धि की कामना की। इसी दौरान शुभ मुहूर्त में श्रीराधा कृष्ण,श्रीराम दरबार,श्री लवकुश भगवान व शिव परिवार की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद श्रृंगार कर देव प्रतिमाओं के दर्शन करवाए तो मंदिर जयकारों से गूंजायमान हो उठा।

आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर कुशवाह समाज व नगर के धर्मप्रेमी जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। प्राणप्रतिष्ठा स्थल पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन लवकुश वंश की उत्पत्ति ,सुदामा चरित्र, नव योगेश्वर संवाद द्वादश स्कंध प्रसंगों का वर्णन पं. डा दीपेश पाठक द्वारा किया गया। कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन करते हुए शास्त्री ने कहा की भागवत कथा के श्रवण मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। कथा के श्रवण मात्र से ही व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं, विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथा के अंत में महाआरती की गई। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच-बीच में सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई।

### आष्टा के ग्राम मोलूखेडी में सास-बहू सम्मेलन आयोजित

**सीहोर**। मोलूखेडी के आंगनवाडी केन्द्र मे विकल्प कार्यक्रम से संबंधित सास बहू सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में बडी संख्या में सास एवं बहुऐं उपस्थित रही। विकल्प कार्यक्रम समन्वयक संजय सिंह, संभागीय समन्वयक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी फिरोजा अहमद ने कार्यक्रम में परिवार कल्याण के संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में बताया गया है कि 01 ओर 02 बच्चों में अंतर रखने के लिए परिवार कल्याण साधनो का उपयोग करना चाहिए।

# ग्रामीण शिक्षा मध्य भारत प्रांत द्वारा दो दिवसीय पूर्णकालिक योजना बैठक का हुआ समापन






हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्रामीण शिक्षा मध्य भारत प्रांत द्वारा दो दिवसीय पूर्णकालिक योजना बैठक आनंद तीर्थ प्रकल्प माता वेदरी भोपाल में संपन्न हुई। जिसमें समापन सत्र में निखिलेश महेश्वरी विद्या भारती संगठन मंत्री, वीरेंद्र सेंगर प्रांतीय सचिव, चंद्रहंस पाठक प्रांत प्रमुख और समस्त पूर्णकालिक उपस्थित रहे। समापन सत्र में संगठन मंत्री ने सभी पूर्णकालिक से आग्रह करते हुए बताया कि यह वर्ष विद्या भारती का शैक्षिक वर्ष है। इसलिए आचार्य को तकनीक एवं कौशल शिक्षा के साथ-साथ समस्त प्रकार के वर्ग प्रशिक्षण के द्वारा अपने आप को अपडेट करने की आवश्यकता है। साथ ही वर्ष में दो बार विद्यालय का शैक्षिक अवलोकन के द्वारा विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियां सुचारू रूप से चले इसके लिए आग्रह किया। साथ ही आचार्य अभ्यास वर्ग और विद्यालय संसाधन, प्रशिक्षित आचार्य,आधुनिक तकनीक के संसाधन प्रसाधन आदि विषयों पर आग्रह करते हुए। शैक्षिक वर्ष को एक आदर्श और उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आए। इसके लिए आग्रह किया। अंत में समस्त अधिकारी पूर्णकालिक, व्यवस्था टोली सभी का आभार प्रांतीय प्रशिक्षण प्रमुख एवं आनंद तीर्थ प्रकल्प माता वेदरी के प्रबंधक नारायण सिंह चौहान ने किया।

**भागवत महापुराण और शिव शक्ति पंचकुंडी महायज्ञ प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम हुआ संपन्न**

# शुभ मुहूर्त में नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में की प्रतिमा स्थापित





हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्राम बडघाटी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण और शिव शक्ति पंच कुंडी महायग प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हो गया। अंतिम दिवस यज्ञ आचार्य गणेश राम चतुर्वेदी द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना कर मूर्ति को नगर भ्रमण करवाया गया। वही शुभ मुहूर्त में नवनिर्मित मां दुर्गे के मंदिर पर मूर्ति की स्थापना की गई।

अंतिम दिवस पंडित गीता प्रसाद शर्मा ने कहा कि जहां सत्य का समन्वय होता है वहां भगवान का आगमन होता है। आज की इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास समय का अभाव है। लोग भक्ति भाव से दूर होते जा रहे हैं। यही कारण है कि अधिकांश घर में अशांति फैली हुई है। सुख-शांति के लिए भगवान की शरण में आना चाहिए। भजन कीर्तन के लिए समय अवश्य निकालना चाहिए। इससे हमारा मन शांत रहेगा तथा धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। निष्पक्ष भाव से हमारे द्वारा की गई भक्ति हमें भवसागर से पार करती है। वहीं उन्होंने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। इस मौके पर आसपास ग्रामीण क्षेत्र के धर्म प्रेमी बंधु व ग्रामवासी उपस्थित थे। अंतिम दिवस मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें समस्त ग्राम वासियों ने प्रसादी ग्रहण की।

# नगर में चलाया धर्म रक्षा निधि महा अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

धर्म रक्षा निधि महाभियान के तहत जावर प्रखंड में प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल राठी के नेतृत्व में जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज ठाकुर, जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर एवं प्रखंड अध्यक्ष लाखन सिंह ठाकुर की उपस्थिति एवं जावर प्रखंड के सह मंत्री अंकुर बिलोर प्रखंड, संयोजक यशवंत सिंह, प्रखंड मंत्री हरेंद्र सिंह से मंत्री अंकुर बिल्लोरे,अभिषेक शर्मा, जावर नगर में धर्म रक्षा निधि अभियान चलाया गया जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और संगठन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए सहयोग राशि भी भेंट की प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी ने सभी का आभार माना और धन्यवाद दिया।

### बैंक ऑफ इंडिया राजगढ़ शाखा की घटना, यहां हमेशा रहती है भीड़-भाड़

# राजगढ़ में बैंक गए व्यापारी की जेब से 50 हजार निकाल भागा चोर




**बैंक ने नहीं कर रखी पार्किंग की व्यवस्था**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय पर मेन रोड के किनारे एवं करेड़ी हाऊस के ठीक सामने स्थित बैंक ऑफ इंडिया में मंगलवार को रुपए जमा करवाने गए एक व्यापारी की जेब से अज्ञात चोर 50 हजार रुपए निकालकर ले भागा। व्यापारी कुछ समझ पाता इसके पहले ही चोर रफूचक्कर हो गया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी साथ ही आसपास के अन्य सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

जानकारी के अनुसार अक्षत पिता किशोर मेड़तवाल मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बैंक ऑफ इंडिया में 95 हजार रुपए जमा करवाने गए थे। अक्षत ने कुर्ता पहना हुआ था और एक जेब में 50 एवं दूसरी जेब में 45 हजार की गड्डी रखी थी। इस बैंक में हर समय धक्कामुक्की जैसे हालात रहते हैं। जब अक्षत चैनल गेट से बैंक के अंदर दाखिल होने का प्रयास कर रहा था उसी समय किसी चोर ने कुर्ते की जेब में से 50 हजार निकाले और भाग निकला। शाखा के बाहर इतनी भीड़ थी कि अक्षत उसका पीछा भी नहीं कर पाया। पुलिस सीसीटीवी सहित विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

#### इस शाखा में हमेशा रहती है भीड़भाड़

उल्लेखनीय है कि बैंक ऑफ इंडिया की राजगढ़ शाखा के हाल किसी से छिपे नहीं है। बैंक खुलने से लेकर शाम तक यहां खासी भीड़-भाड़ रहती है। चूंकि, यह शाखा मेन मार्केट में स्थित है और अधिकतर एकाउंट इसी शाखा में हैं। ऐसे में धक्कामुक्की करके ही यहां दाखिल हुआ जा सकता है। इसी भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए चोर ने वारदात को अंजाम दिया है।

#### पार्किंग न होने से बैंक के बाहर खड़ी होती हैं अनेकों बाइकें

जिस बैंक शाखा के यहां चोरी की यह घटना हुई है यह मेन रोड पर स्थित है। बैंक ने पार्किंग के लिए कोई व्यवस्था नहीं करवाई हुई है। ऐसे में बैंक के ग्राहक अपनी बाईकें मेन रोड के किनारे ही पार्क किया करते हैं। बाईकों की भरमार के साथ ही ग्राहकों की ज्यादा भीड़ के कारण शाखा के प्रवेश द्वार पर हमेशा अनेकों लोगों का जमघट लगा रहता है।

**जांच कर रहे हैं...**

सीसीटीवी से मिले फुटेज के आधार पर हम जांच कर रहे हैं। हमें जल्द ही सफलता मिल जाएगी।

- वीरसिंह ठाकुर,
टीआई, कोतवाली, राजगढ़

# सपत्नीक माता जालपा की पूजा कर दिग्विजय ने दाखिल किया नामांकन

### चार अभ्यर्थियों ने 10 नामांकन फार्म जमा किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर द्वारा सोमवार को नामांकन दाखिल किए जाने के अगले दिन अष्टमी पर इंका प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कलेक्टोरेट पहुंचकर अपना नामांकन फार्म जमा किया। इसके पूर्व सिंह पत्नी अमृता सिंह व कुछ कार्यकर्ताओं को लेकर जालपा शक्तिपीठ पहुंचे और विधि-विधान से माताजी की पूजा-अर्चना की।

इसके उपरान्त बगैर लाव-लष्कर व शोर-शराबे के वे कलेक्टोरेट पहुंचे और रिटर्निंग अधिकारी हर्ष दीक्षित के सम्मुख अपना नामांकन दाखिल किया। फार्म दाखिल करने के उपरान्त वे कुछ समय के लिए जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। इसके उपरान्त वे सीधे सारंगपुर क्षेत्र में भैंसवा माताजी के दर्षन करने चले गए।

#### चार अभ्यर्थियों ने जमा किए 10 नामांकन फार्म

मंगलवार को पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह सहित कुल चार प्रत्याशियों द्वारा आठ नाम-निर्देशन पत्र जमा करवाए गए हैं। सिंह ने खुद खर नामांकन जमा किए। इसके अलावा पूर्व में फार्म जमा कर चुके समता समाधान पार्टी के अशोक तंवर द्वारा दो, बसपा प्रत्याशी राजेंद्र प्रसाद द्वारा दो एवं निर्दलीय अनिल जैन द्वारा 2 नामांकन जमा करवाए गए। आपको बतादें कि नामांकन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 19 अप्रेल निर्धारित है। इन सभी नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 20 अप्रैल को होगी। इसके उपरान्त 22 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर रंगोली बनाकर किया मतदान को जागरुकता



**इकलेरा।** ग्राम पंचायत इकलेरा में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मंगलवार को मतदान के प्रति नागरिकों में जागरूकता लाने के लिए स्वीप गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें इकलेरा गांव की ग्राम पंचायत स्तर एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर रंगोलिया बनाकर एवं मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया होने वाले लोकसभा चुनाव में बिना लोभ लालच के मतदान करने हेतु प्रेरित किया साथ ही नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया वह लोगों को शपथ दिलवाई गई इसी क्रम में रोजगार सहायक अशोक पाटीदार एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**बोडा तहसील ऑफिस के सामने हुआ हादसा**

# बाइक के टायर में फंसी महिला की साड़ी, गिरने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के बोडा क्षेत्र में बाइक के टायर में एक महिला की साड़ी उलझने से गंभीर रूप से घायल महिला की बाद में मौत हो गई। बाइक को मृतिका महिला का पति चला रहा था। जिला अस्पताल में महिला के पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। महिला के साथ ही पेट में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गई

जानकारी के अनुसार बसंतीबाई उम्र 23 साल और उनके उनके पति दीवान सिंह वर्मा निवासी ग्राम सुकली मंगलवार दोपहर बाइक से कहीं जा रहे थे। इस दौरान बोडा तहसील ऑफिस के सामने बसंतिबाई की साड़ी का पल्लू बाइक के टायर में उलझ गया। दुर्घटना में पति-पत्नी दोनो नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को राजगढ़ जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां चिकित्सकों ने बसंतीबाई को मृत घोषित कर दिया।

#### पेट में पल रहे बच्चे की भी मौत

मृतिका बसंतीबाई 9 माह की गर्भवती थी। हादसे में पेट में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गई। मृत बच्चे को अस्पताल पुलिस चैकी द्वारा परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# माता के जयकारों के साथ हुआ गरबे का समापन

### मां मनसा पूर्ण वैष्णो देवी मंदिर परिसर में तीन दिवसी गरबे का चल रहा था आयोजन



**ब्यावरा।** शहर स्थित मां मनसा पूर्ण वैष्णो देवी मंदिर परिसर में तीन दिवसी गरबे का आयोजन समापन हुआ। जयकारे और माता की भेटों पर बच्चों ओर बच्चीयों ने किया गरबे का नृत्य। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्यावरा थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ पहुंचे जिसमे बच्चों को किया गया। पुरस्कृत प्रमाण पत्र देकर बढ़ाया बच्चों का हौसला समिति के पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह राजपाल ने बताया कि मंदिर समिति ट्रस्ट द्वारा चैत्र मास की इस नवरात्रि पर्व पर प्रथम वर्ष मंदिर परिसर में गरबे का आयोजन किया गया। जिसमें ब्यावरा शहर में कई वर्षों से संचालित खालसा डांस एकेडमी के 150 बच्चों ने भाग लिया। वहीं अन्य समाज की और भी कई बच्चियों और महिलाओं ने यहां पर गरबे कर माता रानी को प्रसन्न किया। श्री सिंह ने बताया कि सभी को माता रानी का प्रसाद और बच्चों को उपहार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमे प्रथम दिन मराठी दूसरे दिन बंगाली और मंगलवार को गुजराती वेशभूषा में बच्चियों द्वारा गरबा किया गया उन्होंने बताया ट्रस्ट द्वारा आगे भी इस तरह के गरबे के आयोजन करने का समिति ने निर्णय लिया गया है। जिसमें 20 तारीख को विशाल कन्या भोज का भी आयोजन किया गया है। इस मौके पर अकादमी के संचालक जितेंद्र सिंह बाती समिति अध्यक्ष कमल खस पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश जोशी सामाजिक संस्था खुशियों के ओटले के संचालक डॉ सुरजीत सिंह अनिल सोनी बजरंगी चौहान रवि साहू योगेंद्र बना पवन अग्रवाल साहित बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

**खोयरी रोड पर हुआ हादसा**

# विवाह पत्रिका बांटकर लौटे रहे पिता-पुत्र हादसे में हुए घायल

**राजगढ़।** स्थानीय खोयरी महादेव मंदिर जाने वाली सडक पर मंगलवार देर शाम बाइक एक खंबे से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें बाद में जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां से परिजन उन्हें निजी अस्पताल चले गए। जानकारी के अनुसार फूटा तालाब निवासी हरिसिंह उम्र 25 साल एवं उनके पिता जगन्नाथ उम्र 45 साल शादी की पत्रिका बांटकर गांव लौट रहे थे। इस दौरान खोयरी रोड पर इनकी बाइक एक खंबे से जा भिड़ी। दुर्घटना में वे घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार उपरान्त उन्हें रेफर कर दिया गया।

#### हादसे को आमंत्रित कर रहा सड़क के बीच लगा बिजली पोल

स्थानीय खुजनेर रोड पर चाटूखेड़ा जोड़ की सीसी सड़क के यहां पीडब्ल्यूडी द्वारा डामरीकरण कार्य करवाया गया है। डामर की सड़क बनाते समय ठीक बीच रास्ते में एक विद्युत पोल भी लगा हुआ था। इस पोल को बगैर हटाए ही ठेकेदार आगे सड़क का निर्माण कर दिया। अब रोड के बीचों-बीच लगे इस पोल से बड़े हादसों की संभावना बनी हुई है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगा भव्य चल समारोह

### हिन्दू उत्सव समिति की बैठक आयोजित, राजू चौरसिया संयोजक, वल्लभ नाहर, छोटू पुष्पद बने सह संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पर्व पर परंपरा के अनुसार हिंदू उत्सव समिति द्वारा भव्य चल समारोह निकाला जाएगा।

चल समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को हिंदू उत्सव समिति की बैठक का आयोजन स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर में किया गया। जिसमें चल समारोह को भव्य रूप देने और चल समारोह की व्यवस्थाओं का विकेंद्रीकरण करने के लिए चर्चा की गई। जानकारी देते हुए हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा ने बताया कि भव्य चल समारोह श्री हनुमान जन्म उत्सव के उपलक्ष में 23 अप्रैल शाम 5 बजे ढकोरा रोड हनुमान मंदिर से निकाला जाएगा। जिसका समापन चिंताहरण मंदिर पर होगा। बैठक में आयोजन को लेकर संयोजक और सह संयोजक भी तय किए गए। कार्यक्रम के संयोजक राजू चौरसिया को बनाया गया। जबकि सह संयोजक वल्लभ नाहर और छोटू पुष्पद को बनाया गया।

डॉ अशोक अग्रवाल, जेएल मारोठिया, पवन कुशवाह, मुकेश सेन, अरविंद शर्मा,रामगोपाल शर्मा,अजय ठाकुर, हिमांशु सोनी, नीरज शर्मा, सचिन, श्रीनाथ दांगी, कृष्ण मोहन शाक्यवार सहित कई लोग मौजूद थे। इस बारे में जानकारी देते हुए हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा ने बताया कि बैठक में तय किया गया कि इस बार चल समारोह परंपरा के अनुसार स्थानीय ढकोरा रोड स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होगा। जो नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ चिंताहरण मंदिर पहुंचेगा। जहां महाआरती के बाद समापन होगा। चल समारोह ढकोरा रोड हनुमान मंदिर से शुरू होकर सुठालिया रोड, मेन बाजार,अहिंसा द्वार और मेन रोड होते हुए चिंताहरण हनुमान मंदिर पर पहुंचेगा। जहां महाआरती की जाएगी। चल समारोह में भगवान श्री रामदरबार की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। साथ ही भगवा पताका व आकर्षक साजो सामान के साथ चल समारोह निकलेगा। उन्होंने सभी नगरवासियों से भव्य चल समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है।

# पुलिस थाने के मुख्य गेट के सामने लगता है बार-बार जाम

**जीरापुर।** नगर के प्रमुख व्यस्ततम मार्गों पर बार-बार जाम लगता है। समस्या से प्रशासन को भी अवगत कराया परंतु ना प्रशासन का ध्यान ना प्रशासन का।



प्रशासन को नगर के प्रमुख मार्गों पर लगने वाले जाम से निजात एवं समस्या का कोई स्थाई निराकरण हेतु समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है लेकिन प्रशासन का भी इस और कोई ध्यान नहीं है। नगर के पुलिस थाने के सामने ही थोड़ी-थोड़ी देर में लगता है। जाम इसके पीछे मुख्य कारण सड़क पर खड़ी अव्यवस्थित मोटरसाइकिल एवं अन्य वाहन जाम की स्थिति को निर्मित करते हैं। नवरात्री एवं ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक के दौरान तहसीलदार की मीटिंग में आते समय जाम में वाहन रूक गई जिसे अन्य वाहनों को हटाकर निकाला गया था। मीटिंग में भी इस जाम एवं बाहरी अतिक्रमण का मुद्दा उठा लेकिन स्थाई रूप से निराकरण पर अभी तक प्रशासन नहीं पहुंचा। जिससे आम नागरिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से खरीदी करने वाले लोगों को परेशानी झेलना पड़ रही है। प्रशासन चाहे तो इस समस्या से निजात दिला सकती है।

**लगातार दूसरे वर्ष होने वाले आयोजन के प्रति लोगों में उत्साह, सामूहिक पाठ होने से श्रद्धालु उत्साहित**

**श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर होगा भव्य आयोजन**

# हनुमान जन्मोत्सव पर होगा सामूहिक सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन, पंजीयन की प्रक्रिया शुरू, शामिल होने किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर आगामी 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस दिन मंदिर धाम पर लगातार दूसरी वर्ष सामुहिक सुंदरकाण्ड का अद्वितीय आयोजन किया जायेगा। इसके लिए पंजीयन की प्रकिया भी शुरू कर दी गई है। पंजीयन पूरी तरह निशुल्क है।

श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा इस संबंध में गत वर्ष की तरह नगर की सभी सुंदर काण्ड मंडलियों और आम श्रद्धालुओं से आयोजन में प्रभावी उपस्थिति के साथ शामिल होने का आग्रह किया गया है। इस अद्वितीय आयोजन में सुंदर काण्ड मंडलियों के साथ ही नगर के सभी श्रद्धालु भक्तजन पूरे उत्साह और विश्वास के साथ इस आयोजन को सफल बनाने की कामना करते हुए नगर में मंदिर ट्रस्ट परिवार ने शुरू की गई इस परंपरा को गति देने का दिल से प्रयास कर रहे है। उल्लेखनीय है कि नगर में गत वर्ष से श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट परिवार ने एक नई परंपरा की शुरूआत की थी। जिसमें हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के बड़ी तादाद में लोगों ने शामिल होकर सामुहिक सुंदरकाण्ड पाठ किया था। यह आयोजन अपने आप में अनूठा और अद्भुत था। गत वर्ष जो लोग शामिल हुए थे वे आज भी इस आयोजन के रोमांच, उत्साह और इसके प्रभाव का असर महसूस करते है।

#### पुरूष वर्ग के साथ ही महिला वर्ग भी आमंत्रित

श्री हनुमान जयंति पर सामुहिक सुंदरकाण्ड का आयोजन मंदिर धाम पर स्थित सभा भवन के सामने वाले परिसर में होगा। नगर के कोई भी व्यक्ति, महिला वर्ग इस आयोजन में आमंत्रित है। मंच के बायी व दायी और महिलाओं, पुरूषो के बैठने की प्रथक से व्यवस्था होगी। सभी आमंत्रित श्रद्धालु पुरूषों की वैश भूषा सफेद कुर्ता, पायजामा अथवा, धोती होगी जबकि महिलाओं, युवतियों को पीली साड़ी, पीले वस्त्र धारण करते हुए मंदिर धाम पर पधारना होगा।

#### निर्धारित सुर व नया अंदाज होगा सुंदरकाण्ड पाठ का

सुंदरकाण्ड पाठ की विशेषता यह होगी कि इसमें सभी एक निर्धारित सुर व एक अनूठे अंदाज में भावपूर्ण रूप से सामुहिक पाठ करेंगे। इसमें कोई भजन या विश्राम नहीं होगा। बिना रूके पूरे सुंदरकाण्ड का पाठ किया जायेगा। 'सामुहिक सुंदरकाण्ड' के आयोजन में नगर के सभी महिला-पुरूष, बालक-बालिकाएं जो सही उच्चारण के साथ पाठ कर सकते है उन्हें भी सामुहिक पाठ करने हेतु आमंत्रित किया गया है।



#### सुंदरकाण्ड पाठ के बाद होगी सामूहिक आरती

मंच के ठीक सामने निर्धारित आसन पर बैठकर विधिवत सामुहिक सुंदरकाण्ड पाठ करने वालों की न्यूनतम संख्या 251 होगी जबकि आम श्रद्धालुओं की संख्या का कोई निर्धारण नहीं किया गया है। जो भी सामुहिक पाठ के लिये रूचि रखेगा उसका स्वागत किया जायेगा। 'सामुहिक सुंदरकाण्ड' के बाद उस समय मौजूद जितने भी श्रद्धालु होंगे वे सभी भगवान श्री अंजनीलाल की सामुहिक आरती उतारेंगे। इसके लिये सभी श्रद्धालुओं को आरती करने के लिये आवश्यक प्रबंध किये जायेंगे।। मंदिर ट्रस्ट परिवार ने इस आयोजन में सभी सुंदरकाण्ड समितियों से तथा नगर के आम श्रद्धालुओं से प्रत्यक्ष रूप से परिवार सहित शामिल होकर श्री हनुमान जयंति पर अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर एक नया धार्मिक इतिहास रचने का आह्वान किया है।

#### सामूहिक पाठ के लिए कराना होगा पंजीयन

सामूहिक सुंदरकांड में शामिल होने हेतु श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट परिवार ने आम श्रद्धालुओं से पंजीयन कराने का आग्रह किया है। पंजीयन का कोई शुल्क नहीं है। मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा मंदिर धाम पर प्रतिदिन प्रातरू 9 से दोपहर 12 बजे तक पंजीयन करने की व्यवस्था की गई है। सुंदरकाण्ड का आयोजन मंगलवार 23 अप्रैल को होगा लेकिन इसका पंजीयन 20 अप्रैल तक किया जायेगा। पहले आवो, पहले पावो की धारणा के साथ पंजीयन कराया जा सकता है। मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा इस वर्ष 251 श्रद्धालुओं के लिय सामुहिक सुंदरकाण्ड में शामिल होने हेतु व्यवस्था की जा रही है। इसके लिये अलग से बैठक, आरती, प्रसादी आदि की व्यवस्था की जायेगी। जैसे ही यह संख्या पूरी हो जायेगी पंजीयन बंद कर दिया जायेगा। यद्यपि इससे अधिक संख्या बढने पर भी कोई भी सामुहिक पाठ में शामिल हो सकेगा लेकिन निर्धारित बैठक व्यवस्था में शामिल नहीं हो पायेगा। इस मर्तबा श्री हनुमान जन्मोत्सव के दिन संयोग से मंगलवार का दिन भी है इसलिये आम श्रद्धालुओं में सामुहिक सुंदरकाण्ड पाठ के लिये अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है।